Bengal
Mirror

Think Positive



# Laxmi Ratan Shukla स्पोर्ट्स अकैडमी चैंपियन, मोहम्मडन स्पोर्टिंग रनर्स

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में स्वर्गीय रमेश प्रसाद गोयनका मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल

**बंगाल मिरर, आसनसोल** : दिल्ली पब्लिक स्कूल कैंपस में आज आसनसोल स्पोर्ट्स अकादमी और लक्ष्मी रतन शुक्ला बांग्ला स्पोर्ट्स अकैडमी के साझा प्रयास से आयोजित स्वर्गीय रमेश प्रसाद गोयनका मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया। अंडर 15 प्रतियोगिता का फाइनल मैच लक्ष्मी रतन शुक्ला अकादमी और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के बीच खेला गया। इसमें लक्ष्मी रतन शुक्ला की टीम चैंपियन बनी विजेता टीम को 75000 और ट्राफी तथा रनर्स टीम को ₹50000 और ट्रॉफी दी गई।

दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रमुख प्रतीक गोयनका ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता का पहला साल है इसका उद्देश्य इस क्षेत्र के युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना है ।



अकादमी के इशान शुक्ला ने कहा कि यहां भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है लेकिन पहले यहां के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को तराशने के लिए कोलकाता जाना पड़ता था लेकिन अब दिल्ली पब्लिक स्कूल कैंपस में आसनसोल स्पोर्ट्स अकैडमी की वजह से यहां के खिलाड़ियों को ही वह अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन का एकमात्र उद्देश्य यहां के खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करना है